# BSTC EXAM 2024

# मॉडल हल प्रश्न-प्रत्र

## भाग-अ : मानसिक योग्यता

1. श्रेणी 99, 80, 63, ....., 35 में रिक्त पद हैं-
(1) 48 (2) 84
(3) 46 (4) 64 **(1)**

2. निम्न में से असंगत को ज्ञात कीजिये-
(1) 7 (2) 17
(3) 27 (4) 37 **(3)**

3. यदि A = 26 और STOP = 38 है, तो POSTMAN = ?
(1) 99 (2) 97
(3) 91 (4) 93 **(3)**

4. 'इंग्लैण्ड' का 'अटलांटिक महासागर' से उसी प्रकार का संबंध है, जैसा कि 'ग्रीनलैण्ड' का ........ से है।
(1) हिन्द महासागर (2) आर्कटिक महासागर
(3) अटलांटिक महासागर (4) प्रशान्त महासागर **(2)**

5. FED :: MKI :: PON : ?
(1) VUT (2) TUV
(3) WVU (4) WUS **(4)**

6. विषम शब्द युग्म का चयन कीजिए-
(1) लुहार : निहाई (2) बढ़ई : आरी
(3) नाई : कैंची (4) सुनार : आभूषण **(4)**

7. विषम जोड़े का पता लगाएँ-
(1) कप्तान - टीम (2) बॉस - गैंग
(3) प्रधानमंत्री - केबिनेट (4) आर्टिस्ट - ट्रूप (Troupe) **(4)**

8. यदि HAPPY = 66, SORROW = 108 तो LAUGH = ?
(1) 72 (2) 49
(3) 87 (4) 24 **(2)**

9. किसी सांकेतिक भाषा में HANDSOME को IZOCTNND लिखा जाता है, तो उसी भाषा में KANCHAN को किस प्रकार लिखा जायेगा?
(1) LZOBIBO (2) LZOBIZO
(3) LZOBIZM (4) IZOBIZO **(2)**

10. "BUCKET" शब्द में ऐसे कितने अक्षर के जोड़े है, जिसके बीच वर्णमाला में उतने ही अक्षर हो?
(1) एक (2) दो
(3) तीन (4) चार **(1)**

11. एक पुलिसमैन A की ओर की आवाज सुनकर अपनी पुलिस पोस्ट छोड़कर दक्षिण दिशा में 4 किमी. चलता है। उस स्थान पर पहुँचने के बाद उसे एक और आवाज सुनाई देती है और वह अपनी बाईं ओर 4 किमी. चलते हुए बिंदु B पर पहुँचता है और देखता है कि आवाज B के बाईं ओर से आ रही थी। B से बाईं ओर चलते हुए वह 4 किमी. दूर उस स्थान पर पहुँचता है। अपनी पुलिस पोस्ट पर पहुँचने के लिए उसे किस दिशा में जाना होगा ?
(1) पश्चिम (2) पूर्व
(3) उत्तर (4) दक्षिण **(1)**

12. शब्द FREQUENT में ऐसे कितने अक्षर युग्म है जिनमें प्रत्येक के बीच ( आगे और पीछे दोनों ओर ) उतने ही अक्षर हैं जितने कि उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला में होते हैं?
(1) एक भी नहीं (2) एक
(3) दो (4) तीन **(3)**

13. 35 बच्चों की कक्षा में गोविन्द का ऊपर से 6वाँ स्थान है, कृष्णा गोविन्द से 7 स्थान नीचे है। कृष्णा का नीचे से कौनसा स्थान है?
(1) 22 (2) 20
(3) 19 (4) 23 **(4)**

14. नीचे दिये हुये अक्षर समूह में रिक्त स्थान पर कौनसा वैकल्पिक समूह तर्कसंगत है?
ab____y abc____xw abcdev____
(1) zdu (2) cdw
(3) cdu (4) zyw **(1)**

15. दीपक पूर्व दिशा में 75 मीटर चलकर बाएँ मुड़ता है और 25 मीटर चलने के बाद पुनः बाएँ मुड़ता है और सीधा 40 मीटर चलता है और फिर बाएँ मुड़कर 25 मीटर सीधा चलता है। जिस स्थान से दीपक ने चलना प्रारम्भ किया वहाँ से अब वह कितनी दूरी पर है?
(1) 35 मीटर (2) 50 मीटर
(3) 115 मीटर (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

16. रवि प्रत्येक रविवार को मुझसे मिलने आता था। पहली बार वह दोपहर 12 : 30 बजे आया, अगली बार दोपहर 1 : 20 बजे आया, इससे अगली बार दोपहर 2 : 30 बजे, उससे अगली बार दोपहर 4 : 00 बजे आया। तो इसके बाद वो कितने बजे आया?
(1) दोपहर 5 : 50 बजे (2) दोपहर 5 : 40 बजे
(3) दोपहर 5 : 30 बजे (4) दोपहर 5 : 20 बजे **(1)**

☞ निर्देश :- नीचे दी गई जानकारी पर आधारित हैं-
A × B का अर्थ है, A, B का पुत्र है।
A + B का अर्थ है, A, B का पिता है।
A > B का अर्थ है, A, B की पुत्री है।
A < B का अर्थ है, A, B की पत्नी है।

17. यदि A, J की बहिन है, L > V < J + P तथा S × A < D + F < E + K है, तो निम्नलिखित में से कौनसा युग्म कजिन प्रदर्शित करता है-

(1) LP (2) SP
(3) SK (4) SF (2)

18. यदि M, F की दादी है तो प्रश्नवाचक चिन्ह ( ? ) के स्थान पर कौनसा संकेत आयेगा? F × R < S ? M
(1) > (2) <
(3) ÷ (4) × (4)

19. प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर आने वाले अंक है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | | | |
| 4 | 5 | | |
| 2 | 6 | 17 | |
| | 14 | 8 | 25 |

(1) 9 (2) 10
(3) 3 (4) 7 (1)

20. यदि 'बरसात' को 'जल', 'जल' को 'सड़क', 'सड़क' को 'बादल', 'बादल' को 'आकाश', 'आकाश' को 'समुद्र' और 'समुद्र' को 'पंगडंडी' कहा जाये, तो 'वायुयान' कहाँ उड़ेगा?
(1) बादल (2) समुद्र
(3) सड़क (4) कोई नहीं (2)

21. यदि 'पुस्तक' को 'घड़ी' कहें, 'घड़ी' को 'बैग', 'बैग' को 'शब्दकोष' और 'शब्दकोष' को 'खिड़की' कहें तो 'पुस्तकें' ले जाने के लिए किसे प्रयुक्त करेंगे?
(1) बैग (2) घड़ी
(3) शब्दकोष (4) पुस्तक (3)

22. यदि 'DELHI' का कूट 'CCIDD' है, तो BOMBAY का कूट होगा-
(1) AJMTVT (2) AMJXVS
(3) MJXVSU (4) WXYZAY (2)

23. जिस प्रकार एक किलोग्राम एक क्विंटल से सम्बन्धित है, उसी प्रकार एक पैसा सम्बन्धित है-
(1) एक रूपया से (2) दस रूपया से
(3) सौ रूपये से (4) दस पैसा से (1)

24. अजय कार्यालय जाने के लिए बस स्टॉप के लिए नियमित दिनों की अपेक्षा 15 मिनट पहले निकल जाता है। घर से बस स्टॉप पहुँचने में 10 मिनट लगते हैं। वह बस स्टॉप प्रात: 8.40 बजे पहुंच जाता है। बताइये सामान्य दिनों में वह कितने बजे घर से निकलता था?
(1) 8.30 A.M. (2) 8.45 A.M.
(3) 8.55 A.M. (4) कोई नहीं (2)

25. A, B, C, D, E, F और G एक वृत्त में बैठे हैं, इनमें से पाँच का मुँह केन्द्र से विपरीत दिशा में है। C, D के बाएँ को तीसरे स्थान पर है और दोनों का मुँह केन्द्र की ओर है। E न तो D के, न ही C के बगल में बैठा है। जो D व F के ठीक बीचोंबीच बैठा है उसका मुँह केन्द्र की विपरीत दिशा में है। G, A के दाएँ को तीसरे स्थान पर बैठा है। B की बगल में बैठे एक व्यक्ति का मुँह केन्द्र से विपरीत दिशा में है। यदि सभी व्यक्तियों को A से आरम्भ करके वर्णानुक्रम में घड़ी की दिशा में बैठने के लिये कहा जाये, तो A को छोड़कर कितने व्यक्तियों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?
(1) तीन (2) चार
(3) दो (4) कोई नहीं (3)

26. ओलम्पिक खेलों में अमरीका का राष्ट्र ध्वज, भारत के राष्ट्र ध्वज के बायीं ओर और फ्रांस के ध्वज के दाहिनी तरफ था। ऑस्ट्रेलिया का ध्वज भारत के ध्वज के दाहिनी तरफ और जापान के ध्वज के बायीं तरफ था। जापान का ध्वज, चीन के ध्वज के बायीं ओर था। बताइये कौनसे दो ध्वज मध्य में हैं?
(1) भारत और ऑस्ट्रेलिया (2) अमरीका और भारत
(3) जापान एवं ऑस्ट्रेलिया (4) अमरीका और ऑस्ट्रेलिया (1)

27. एक दौड़ स्पर्द्धा में 5 छात्र भाग लेते हैं जिसमें राज, मोहित से पहले पर गौरव के बाद आता है। आशीष, सचिन से पहले पर मोहित के बाद दौड़ पूरी करता है। बताइये दौड़ किसने जीती?
(1) राज (2) गौरव
(3) मोहित (4) आशीष (2)

28. कमल, जीनू एवं नवीन तीन भाई हैं। यदि निम्न सभी कथन सत्य है, तो इनमें से कौन सबसे युवा है?
1. कमल सबसे अधिक उम्र का है।
2. नवीन सबसे अधिक उम्र का नहीं है।
3. जीनू सबसे युवा नहीं है।
(1) जीनू (2) कमल
(3) नवीन (4) जीनू और नवीन दोनों (3)

29. दिये गये विकल्पों में से संबंधित शब्द चिन्हित कीजिए-
शेर : माँद :: खरगोश : ?
(1) छेद (2) गड्ढा
(3) बिल (4) खेत (3)

30. एक घड़ी को जिस पर केवल 3, 6, 9 और 12 बजे के चिन्ह लगे हैं, एक दर्पण के सामने उल्टा रखा गया है। किसी व्यक्ति को दर्पण प्रतिबिम्ब में 9.50 बजे जैसा रूका समय दिखता है। वास्तविक समय क्या है?
(1) 2.15 (2) 8.40
(3) 8.50 (4) 4.35 (2)

31. यदि किसी माह की 23 तारीख को रविवार है, तो दो सप्ताह और चार दिन पहले कौनसा दिन पड़ेगा?
(1) सोमवार (2) मंगलवार
(3) बुधवार (4) गुरुवार (3)

32. रमेश और सुरेश भाई-भाई हैं। राखी और गीता आपस में बहनें हैं। रमेश का लड़का गीता का भाई है। बताइये सुरेश का राखी से क्या सम्बन्ध हुआ?
(1) भाई (2) दादा
(3) चाचा (4) कोई नहीं (3)

33. एक कार्यालय में दोपहर में एक आवेदन-पत्र आता है जिसे अगले दिन सम्बन्धित शाखा को दिया जाता है। सम्बन्धित शाखा से अगले दिन आवेदन सम्बन्धित अधिकारी को प्रस्तुत किया जाता है जो उसी दिन अर्थात् शुक्रवार को उसका निस्तारण करता है। प्रार्थना पत्र किस दिन प्राप्त हुआ था?
(1) सोमवार (2) पिछले सप्ताह शनिवार
(3) मंगलवार (4) बुधवार (4)

34. **निम्न में कौन एक अन्य से भिन्न है?**

(1) कमाण्डर (2) कोमोडोर

(3) ब्रिगेडियर (4) एडमिरल (3)

35. **यदि किसी साधारण वर्ष का पहला दिन रविवार हो, तो अगले वर्ष का पहला दिन क्या होगा?**

(1) बृहस्पतिवार (2) शुक्रवार

(3) शनिवार (4) सोमवार (4)

36. **निम्न में से कौनसा अंक शेष से अलग है?**

(1) 23 (2) 51


(3) 63 (4) 15 (1)

37. **किसी निश्चित गुप्त भाषा में PRIVATE को 1234567 एवं RISK को 2398 के रूप में लिखा जाता है। इसी गुप्त भाषा में RIVETS को कैसे लिखा जायेगा?**

(1) 687543 (2) 234769

(3) 496321 (4) 234698 (2)

38.




(1) 25 (2) 43

(3) 35 (4) 37 (1)

39. **यदि '+' का अर्थ गुणा है, '×' का अभिप्राय भाग देना है, '–' का अर्थ जोड़ना है और '÷' से अभिप्राय घटाने से है, तो निम्नलिखित समीकरण से क्या उत्तर आयेगा?**


**20 – 8 × 4 ÷ 3 + 2 = ?**

(1) 41 (2) 19

(3) 16 (4) 18 (3)

40. **नीचे दिये गये चित्र में कितने आयत हैं?**

**( नोट : यहाँ वर्ग को आयत में नहीं गिना गया है। )**



(1) 14 (2) 16

(3) 22 (4) 24 (2)

41. **एक संयुक्त परिवार में पिता, माँ, 3 विवाहित पुत्र और एक अविवाहित पुत्री है। पुत्रों में से 2 के दो-दो पुत्रियाँ हैं और एक के एक पुत्र है। इस परिवार में महिला सदस्यों की संख्या कितनी है?**

(1) 2 (2) 3

(3) 6 (4) 1 (*)

42. **अतुल दक्षिण दिशा की ओर 20 मी. चलता है। बायीं ओर मुड़कर वह 30 मी. चलता है। फिर दायीं ओर मुड़कर 10 मी. चलता है, फिर दायीं ओर मुड़कर 40 मी. चलता है, फिर दायीं ओर मुड़कर 30 मी. चलता है और रुक जाता है। प्रारंभिक बिन्दु से वह किस दिशा की ओर है?**

(1) द.प. (2) पश्चिम

(3) उ.प. (4) दक्षिण (2)

☛ **निर्देश**- नीचे दिए गए प्रश्नों में एक कथन एवं दो पूर्वधारणाएँ दी गई हैं। यह निर्णय करते हुए उत्तर दीजिए कि कौनसी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ दिए गए कथन में अन्तर्निहित है/हैं।

43. **कथन - प्रधानाचार्य ने स्कूल स्टाफ को सूचित किया है कि हमें ज्यादा अध्यापक नियुक्त करने की आवश्यकता है।**

**पूर्वधारणाएँ - I. अध्यापक उपलब्ध हैं।**

**II. वर्तमान अध्यापक अच्छे नहीं हैं।**

(1) केवल पूर्वधारणा (I) अंतर्निहित है

(2) केवल पूर्वधारणा (II) अंतर्निहित है

(3) न तो (I) और न ही (II) अंतर्निहित है

(4) दोनों (I) तथा (II) अंतर्निहित हैं (1)

☛ **निर्देश**- नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिये गये हैं। आपको तय करना है कि कौन-सा तर्क ठोस है और कौन-सा तर्क निर्बल तर्क है।

उत्तर दीजिए-(1) यदि केवल तर्क I ठोस है।

(2) यदि केवल तर्क II ठोस है।

(3) यदि या तो तर्क I अथवा तर्क II ठोस है।

(4) यदि न तो तर्क I न ही तर्क II ठोस है।

(5) यदि दोनों तर्क I और तर्क II ठोस हैं।

44. **कथन: क्या सरकार को उच्च स्तरीय तकनीकी संस्थान (IIT) का निजीकरण कर देना चाहिए?**

**तर्क I** : हाँ, निजीकरण की ये संस्थाएँ आर्थिक रूप से मजबूत, प्रतिस्पर्धात्मक एवं गुणवत्ता उन्मुख होंगी।

II : हाँ, निजीकरण नये युग का मूल मंत्र है क्या उसके बिना हम होड़ में रह सकते हैं? (4)

45. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**

I. छात्रों के अलावा दूसरा कोई क्लब का सदस्य नहीं है।

II. क्लब के कुछ सदस्य विवाहित हैं।

III. सभी विवाहित डांस के लिए निमंत्रित हैं।

**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**


(1) सभी छात्र डांस के लिए निमंत्रित हैं।

(2) क्लब के सभी विवाहित छात्र डांस के लिए निमंत्रित हैं।

(3) क्लब के सभी सदस्य विवाहित हैं।

(4) उपर्युक्त निष्कर्षों में से कोई भी निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है। (2)

46. 1 के सामने के फलक पर कौनसा अंक आएगा ?




(1) 5 (2) 4

(3) 6 (4) 3 (2)


47. 1. वर्ग 2. रेखा 3. कोण 4. त्रिभुज 5. बिन्दु

(1) 53241 (2) 52341

(3) 51432 (4) 13425 (2)

48. **वह आरेख पहचानिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सम्बन्ध का सही निरूपण करता है: द्रव, दूध, जल**

(1)     (2) 

(3)     (4)     (2)

49. एक वयस्क के टिकट का मूल्य 1600 रु. है और एक बच्चे के टिकट का मूल्य 600 रु. है। दो वयस्कों के साथ 1 बच्चा नि:शुल्क जा सकता है। यदि एक समूह में 17 वयस्क और 7 बच्चे हैं, तो उस समूह को कितनी छूट मिलेगी?

(1) 13.37%    (2) 26.02%

(3) 24.41%    (4) 32.2%    (1)

50. यदि एक वृत्त की त्रिज्या में 15% की वृद्धि की जाती है, तो उसका क्षेत्रफल ........... से बढ़ जाएगा।

(1) 30%    (2) 32.25%

(3) 15%    (4) 16.125%    (2)

## भाग-ब : सामान्य ज्ञान राजस्थान

51. राजस्थान सरकार ने 'प्रथम वन नीति' कब लागू की?

(1) फरवरी, 2010    (2) अगस्त, 2009

(3) अगस्त, 2008    (4) जून, 2012    (1)

52. राजस्थान के किन जिलों में 'खस' घास उत्पादित होती है?

(1) झालावाड़ और बारां    (2) चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा

(3) भरतपुर और सवाई माधोपुर (4) जैसलमेर और बाड़मेर    (3)

53. राजस्थान के कौनसे कस्बे का साधारण धरातल उसके पास की नदी के पेटे ( पाट ) के स्तर से नीचे है?

(1) हनुमानगढ़ जंक्शन    (2) बालोतरा

(3) जोधपुर    (4) पाली    (1)

54. चम्बल और माही बेसिन ( दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान ) में पाई जाने वाली मिट्टी का प्रकार कौनसा है?

(1) भूरी मटियार दोमट    (2) काली मटियार दोमट

(3) लाल दोमट    (4) भूरी बलुई    (2)

55. राजस्थान की कौनसी चित्रकला शैली चौरपंचाशिका शैली से मिलती जुलती है?

(1) किशनगढ़ शैली    (2) मेवाड़ शैली

(3) बीकानेर शैली    (4) भरतपुर शैली    (2)

56. ग्रीष्म ऋतु में राज्य के थार मरुस्थल में नमी की मात्रा लगभग कितने प्रतिशत होती है?

(1) 5 प्रतिशत    (2) 1 प्रतिशत

(3) 10 प्रतिशत    (4) 9 प्रतिशत    (2)

57. डूंगरपुर व बांसवाड़ा जिलों की सीमा को कौनसी नदी अलग करती है?

(1) अनास    (2) सोम

(3) सोनी    (4) माही    (4)

58. पुष्कर झील के किनारे 52 घाट बने हुए हैं जिनमें सबसे बड़ा घाट गाँधी घाट है, इसे किस नाम से जाना जाता है?

(1) बेटी घाट    (2) बहू घाट

(3) जनाना/महिला घाट    (4) बेटा घाट    (3)

59. जयपुर जिले में मानपुरा-माचेड़ी को विकसित किया गया है-

(1) सॉफ्टवेयर कॉम्पलेक्स के लिए

(2) हस्तशिल्प कॉम्पलेक्स के लिए

(3) चमड़ा कॉम्पलेक्स के लिए

(4) रासायनिक कॉम्पलेक्स के लिए    (3)

60. थार का घड़ा/चाँदन नलकूप ( चोहान ) कहाँ स्थित है?

(1) जैसलमेर    (2) भरतपुर

(3) गंगानगर    (4) दौसा    (1)

61. रणझटक, तैलिया एवं धौलिया निम्न में से किसकी किस्में हैं?

(1) मक्का की    (2) ज्वार की

(3) गन्ना की    (4) अफीम की    (4)

62. मल्लीनाथ पशु मेला आयोजित होता है-

(1) पुष्कर में    (2) रूपनगढ़ में

(3) तिलवाड़ा में    (4) चारभुजा में    (3)

63. निम्न में कौन सा जनजाति समूह राजस्थान में निवास नहीं करता है?

(1) गरासिया    (2) डामोर

(3) कथौड़ी    (4) गोंड    (4)

64. निम्न में से कौनसा राजस्थान का प्रसिद्ध लोक नृत्य नहीं है?

(1) तुर्रा कलंगी    (2) भवाई

(3) कालबेलिया    (4) कच्छी घोड़ी    (1)

65. पत्थर पर उत्कीर्णित किए गए ऐतिहासिक शिलालेख राजप्रशस्ति किस झील के तट पर स्थित है?

(1) राजसमन्द झील    (2) जयसमन्द झील

(3) सांभर झील    (4) नक्की झील    (1)

66. दुरसा आढ़ा ने अपनी डिंगल कविताएँ किस शासक पक्ष में लिखी थी?

(1) महाराणा प्रताप    (2) पृथ्वीराज चौहान

(3) हम्मीर    (4) राणा सांगा    (1)

67. निम्न में से कौनसी 'मृत नदी' के रूप में जाने जाती है?

(1) बनास    (2) घग्घर

(3) लूनी    (4) माही    (2)

68. 6. पंजाब से राजस्थान के किन जिलों की सीमाएँ लगती है?

(i) गंगानगर    (ii) हनुमानगढ़

(iii) अनूपगढ़

कूट:-

(1) केवल (i) व (ii)    (2) केवल (ii) व (iii)

(3) (i), (ii) व (iii)    (4) केवल (i) व (iii)    (1)

69. जावर माइंस कहाँ स्थित हैं?

(1) उदयपुर    (2) प्रतापगढ़

(3) भीलवाड़ा    (4) सवाईमाधोपुर    (1)

70. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से किसकी सीमा दो राज्यों से नहीं लगती है?

(1) डीग    (2) धौलपुर

(3) बाँसवाड़ा    (4) भरतपुर    (4)

71. 8वीं सदी में मेवाड़ के एकलिंगजी मंदिर को किसने बनाया?

(1) बप्पा रावल    (2) महाराणा रायमल

(3) महाराणा कुंभा    (4) महाराणा उदयसिंह    (1)

72. जयपुर में 1905 में 'वर्धमान पाठशाला' किसने स्थापित की?

(1) मास्टर भोलेनाथ    (2) अर्जुनलाल सेठी

(3) गुलाब चंद कासलीवाल    (4) विश्व जीत सुराणा    (2)

73. सिवाणा किले का निर्माण करवाया था-
(1) राजा भोज ने (2) वीरनारायण ने
(3) अखैराज ने (4) सीतलदेव ने (2)

74. राज्य की सहकारी साख व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सुझाव देने हेतु गठित समिति है?
(1) काका कालेलकर समिति (2) वैद्यनाथन समिति
(3) एस. मेहरोत्रा समिति (4) बलवंत राय मेहता समिति (2)

75. साहित्यिक रचना 'पगफेरो' के रचयिता थे-
(1) विजयदान देथा (2) मणि मधुकर
(3) मणि भास्कर (4) सीताराम लालस (2)

76. नवगठित जिलों के बाद राजस्थान में जिला परिषदों की संख्या कितनी हो गई है?
(1) 49 (2) 50
(3) 51 (4) 52 (2)

77. निम्न में से कौनसा राजस्थान का जल दुर्ग है?
(1) अचलगढ़ (मा. आबू) (2) मेहरानगढ़ (जोधपुर)
(3) गागरोण (झालावाड़) (4) चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़) (3)

78. राजस्थान की निम्न पर्वत चोटियों को ऊँचाई के बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए- गुरूशिखर, दिलवाड़ा, नाग पहाड़, खोह
सही विकल्प है-
(1) नाग पहाड़, खोह, दिलवाड़ा, गुरूशिखर
(2) खोह, नाग पहाड़, दिलवाड़ा, गुरूशिखर
(3) नाग पहाड़, दिलवाड़ा, खोह, गुरूशिखर
(4) खोह, दिलवाड़ा, नाग पहाड़, गुरूशिखर (1)

79. निम्न में से कौनसा राजस्थान विधान सभा का प्रथम अध्यक्ष था?
(1) राम निवास मिर्धा (2) राम किशोर व्यास
(3) लक्ष्मण सिंह (4) नरोत्तम लाल जोशी (4)

80. प्रसिद्ध तैराक मंजरी भार्गव का सम्बन्ध है -
(1) कोटा से (2) अजमेर से
(3) जालोर से (4) बीकानेर से (2)

81. 'पिछवाई' पेंटिंग्स कौनसी शैली से संबंधित है?
(1) किशनगढ़ शैली (2) मारवाड़ शैली
(3) शेखावाटी शैली (4) नाथद्वारा शैली (4)

82. राजस्थान का कौनसा राष्ट्रीय उद्यान प्रवासी पक्षी 'साइबेरियन क्रेन' के लिए जाना जाता है?
(1) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान (2) सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य
(3) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान (4) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (4)

83. राज्य में आंतरिक जिलों की संख्या कितनी हो गई है?
(1) 18 (2) 19
(3) 21 (4) 22 (4)

84. भक्ति संत 'रज्जब' सम्बन्धित थे-
(1) दादूपंथ से (2) जसनाथी पंथ से
(3) विश्नोई पंथ से (4) रामस्नेही पंथ से (1)

85. नानकजी भील का संबंध निम्न में से किस किसान आंदोलन से था?
(1) मारवाड़ किसान आन्दोलन (2) शेखावाटी किसान आन्दोलन
(3) बेगूं किसान आन्दोलन (4) बूँदी किसान आन्दोलन (4)

86. राजस्थान का कौनसा शहर 'सफेद शहर' के नाम से जाना जाता है?
(1) ब्यावर (2) राजसमन्द
(3) मकराना (4) उदयपुर (3)

87. राज्य में सीमावर्ती जिलों की संख्या कितनी है?
(1) 25 (2) 26
(3) 27 (4) 28 (4)

88. मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान स्थित है?
(1) जयपुर में (2) अजमेर में
(3) डीडवाना में (4) टोंक में (4)

89. राजस्थान में झुंझुनूं की प्रसिद्ध 'राणी सती' का वास्तविक नाम था?
(1) गिन्नी देवी (2) कमला देवी
(3) लक्ष्मी देवी (4) नारायणी देवी (4)

90. विश्व देशज/स्थानीय जन दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 9 अगस्त (2) 23 जुलाई
(3) 14 अप्रैल (4) 09 नवम्बर (1)

91. राजस्थान में प्रथम विद्रोह कहाँ और कब हुआ?
(1) ऐरिनपुरा, 28 जुलाई, 1857 (2) खेरवाड़ा, 28 मई, 1857
(3) ब्यावर, 28 जून, 1847 (4) नसीराबाद, 28 मई, 1857 (4)

92. निम्न में कितने सूबों में मानसिंह को अकबर ने सूबेदार नियुक्त किया?
**(A) बिहार** **(B) बंगाल**
**(C) उत्तर-पश्चिम** **(D) अजमेर**
(1) A व B (2) B व C
(3) A, B व C (4) B व D (3)

93. 1665 में मिर्जा राजा जयसिंह और शिवाजी के मध्य हुई संधि कहलाती है.......... की संधि।
(1) बीजापुर (2) पुरंदर
(3) सतारा (4) कोल्हापुर (2)

94. बी.एन.रेऊ के अनुसार राजपूताना का 'भूला हुआ नायक' कौन था?
(1) महाराणा रणमल (2) दुर्गादास
(3) राव चंद्रसेन (4) मिर्जा राजा जयसिंह (3)

95. शेखावाटी क्षेत्र में गींदड़ नृत्य सामान्यतः किस त्योहार के अवसर पर किया जाता है-
(1) होली (2) दीपावली
(3) गणगौर (4) तीज (1)

96. 'बेरी' क्या है-
(1) तालाब (2) बांध
(3) एनीकट (4) कुआं (4)

97. अंता विद्युत शक्ति केन्द किस पर आधारित है-
(1) आणविक (2) पेट्रोलियम
(3) गैस (4) जल (3)

98. जाम्भोजी के 29 नियमों का पालन करने वाले अनुयायी कहलाए-
(1) नाथपंथी (2) जाम्भोपंथी
(3) गुरुपंथी (4) विश्नोई (4)

99. निम्नांकित जिस इतिहासवेत्ता का चित्तौड़ की पद्मिनी की ऐतिहासिक पर संदेह है, वह है-
(1) दशरथ शर्मा (2) मुनि जिनविजय जी
(3) जी.एन. शर्मा (4) के.आर. कानूनगो (4)

100. एकी आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था-
(1) बलवंत सिंह (2) मोतीलाल तेजावत
(3) विजय सिंह (4) मणिलाल कोठारी (2)

RAJASTHAN CLASSES राजस्थान क्लासेज

## भाग-स ( शिक्षण अभिक्षमता )

**101. समाज में नैतिकता के पतन के कारण है-**

(1) विद्यालयों का अभाव (2) अच्छे शिक्षकों का अभाव

(3) गरीबी (4) शिक्षा नीति की असफलता (2)

**102. सामाजिक विकास का आधारभूत तत्व है?**

(1) अभिभावक (2) समाज

(3) विद्यालय (4) पुस्तकें (1)

**103. प्राथमिक शिक्षा में संबंधित संवैधानिक वचन बद्धता है-**

(1) 14 वर्ष की आयु तक के सब बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना

(2) और अधिक विद्यालय खोलना

(3) प्रत्येक बच्चे के लिए घर के पास प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध कराना।

(4) अनुसूचित जातिं एवं जनजाति के लिए आरक्षण (1)

**104. अच्छा शिक्षक वह है, जो-**

(1) समय पर कोर्स समाप्त करता है।

(2) इस बात से आश्वस्त हो जाता है, कि उसने जो पढ़ाया है, उसे सब विद्यार्थी समझ गए है।

(3) कक्षा में सिखाए ज्ञान को नई परिस्थितियों में काम लेने का प्रशिक्षण अपने विद्यार्थियों को देता है।

(4) अपने विद्यार्थियों को नोट्स लिखवाता है। (3)

**105. रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा था, 'एक अध्यापक कभी सच्चाई से नहीं पढ़ा सकता यदि वह सर्वदा स्वयं ज्ञानन प्राप्त करता रहे?' इस कथन का क्या अर्थ है-**

(1) एक अध्यापक को व्यवस्थित होना चाहिए।

(2) एक अध्यापक को सारा जीवन ज्ञान ग्रहण करते रहना चाहिए।

(3) एक अध्यापक को अध्ययन और अध्यापन के प्रति आदर रखना चाहिए।

(4) एक अध्यापक का ज्ञान के प्रति झुकाव होना चाहिए। (2)

**106. अध्यापकों का सम्मान राष्ट्र निर्माता के रूप में किए जाने के विषय में आपकी राय है-**

(1) एक रस्म अदा करना है (2) उनको सम्मान देना है।

(3) उनको प्रोत्साहित करना है (4) एक दिखावा है (2)

**107. आपकी राय में शिक्षक में नेतृत्व हेतु क्या आवश्यक है-**

(1) लज्जाशील प्रकृति (2) साहस

(3) ऊँचा कद (4) बर्हिमुखी (4)

**108. समाज में सामाजिक परिपक्वता प्राप्त करने हेतु शिक्षक को सामाजिक मनोविज्ञान का ज्ञान होना आवश्यक है-**

(1) कुछ नहीं कहा जा सकता (2) संभवत:

(3) नहीं (4) हाँ (4)

**109. एक घनिष्ठ संबंध है-**

(1) अभिभावकों तथा बच्चों की सोच में

(2) शिक्षक एवं शिक्षा विद् के मध्य।

(3) नियोजित एवं अनियोजित स्कूली ज्ञान में।

(4) स्कूल तथा समाज में। (4)

**110. गैर औपचारिक शिक्षा को-**

(1) सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित किया जाता है।

(2) परिवार, समाज, धर्म आदि द्वारा दी जाती है।

(3) इसका पाठ्यक्रम निश्चित नहीं होता है।

(4) ज्ञान प्राप्ति इसका ध्येय नहीं होता है। (2)

**111. किसी व्यक्ति को अध्यापक के रूप में सफलता मिलने की संभावनाएँ अधिक होगी, यदि वह व्यक्ति-**

(1) अध्यापकों के परिवार से संबंध रखता है।

(2) अध्यापन में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुका है।

(3) नैतिक मूल्य और अच्छा चरित्र रखता है।

(4) अपनी अध्यापन सामग्री को उचित रूप से व्यवस्थित कर सकता है। और उसे प्रभावशाली ढंग से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। (4)

**112. प्रभावकारी अध्यापन निम्न में से किसका एक फलन है-**

(1) स्पष्ट एवं यथातथ्य सम्प्रेषण

(2) कक्षा में पूर्ण अनुशासन

(3) नियमित अध्यापन

(4) विद्यार्थियों द्वारा स्व-अध्ययन (1)

**113. छात्रों को यदि आपके द्वारा पढ़ाया गया पाठ समझ में न आया हो, तो ऐसी स्थिति में आप-**

(1) उस पाठ को दुबारा नहीं पढ़ायेंगे।

(2) उस पाठ को दुबारा अच्छी तरह से पढ़ायेंगे

(3) छात्रों को फिर पढ़ने के लिये कह देंगे।

(4) छात्रों की बातों पर कोई ध्यान नहीं देंगे। (2)

**114. शिक्षकों का मूल्यांकन किसके द्वारा होना चाहिए-**

(1) निरीक्षण अधिकारियों द्वारा

(2) उनके समवर्ती और उच्च अधिकारियों द्वारा

(3) समाज द्वारा

(4) उनके शिक्षार्थियों द्वारा (4)

**115. अपने द्वितीय जन्मदिवस पर दया का मोमबत्ती से हाथ जल गया। अपने भाई के आठवें जन्मदिवस पर उसे मोमबत्ती से दूर रहने के लिए कहती है। उसने यह जिससे सीखा था-**

(1) प्रशिक्षण (2) परिपक्वता

(3) शिक्षा (4) प्रौढ़ता (3)

**116. शिक्षक बनने पर मैं चाहूँगा।**

(1) अध्यापन के नए तरीके अपनाकर देखना

(2) उन विद्यार्थियों को अपनाना जो मुझे प्रशिक्षण काल में सिखाई गई है।

(3) उन विद्यार्थियों को अपनाना जिनमें मेरे अधिकांश साथी अपनाते हैं।

(4) उन विद्यार्थियों को अपनाना जिन्हें मेरे विद्यालय के सबसे अच्छे अध्यापक अपनाते हैं। (2)

**117. शिक्षक को अपने शिक्षण कार्य के अलावा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के संबंध में भी सजग रहना चाहिए। इस कथन से आप-**

(1) पूर्णत: सहमत है (2) आंशिक सहमत है।

(3) अविदित है (4) इनमें से कोई नहीं (1)

**118. यदि कक्षा का प्रतिभाशाली बालक अनुशासन संबंधी समस्या उत्पन्न करे, तो आप क्या करेंगे-**

(1) उसे अध्ययन हेतु अध्ययन सामग्री देंगे, जिससे उसकी प्रतिभा विकसित हो।

(2) इसे कार्यों में व्यस्त रखेंगे।
(3) उसकी ओर ध्यान नहीं देंगे।
(4) इनमें से कोई नहीं। **(1)**

**119. शिक्षण का पहला चरण है-**
(1) पहले से योजना बनाना।
(2) पाठ्य सामग्री को सुसंगठित करना।
(3) विद्यार्थियों का बैकग्राउण्ड जानना।
(4) कोई नहीं **(3)**

**120. आपके विचार में सरकार द्वारा प्रायोजित 'पेड़ लगाओ अभियान' है-**
(1) किसी काम का नहीं। (2) केवल सुंदरता बढ़ाने के लिए।
(3) पैसा कमाने के लिए। (4) आवश्यक। **(4)**

**121. आपने एक शिक्षक बनना क्यों तय किया-**
(1) मैं ट्यूशन करके बहुत धन कमा सकता हूँ।
(2) मैं अपने स्वयं के बच्चों को पढ़ा सकता हूँ।
(3) शिक्षण कार्य मुझे अत्यधिक पसंद है।
(4) मैं कोई अन्य नौकरी नहीं पा सकता। **(3)**

**122. नेतृत्व एक विशेष प्रक्रिया का नाम है, जिसके लिए दो सर्वोत्तम शब्द हो सकते हैं-**
(1) प्रभुत्व-गुलामी (2) प्रभुत्व-व्यवस्था
(3) प्रभुत्व-अनुगमन (4) प्रभुत्व-अधीनता **(2)**

**123. प्राप्त संकेतों को व्यक्तिगत अर्थ से जोड़ने की प्रक्रिया कहलाती है-**
(1) निकूटन (2) सम्प्रेषण
(3) सुसाध्यक (4) विकूटन **(3)**

**124. दोपहर में भोजन की व्यवस्था आवश्यक है, क्योंकि-**
(1) विद्यार्थी दोपहर में सुस्त एवं थक जाते हैं।
(2) विद्यार्थी बीच-बीच में बार-बार खाना पसंद करते हैं।
(3) विद्यार्थी भूखे हो जाते हैं।
(4) विद्यार्थियों के लिए पौष्टिक पदार्थों की व्यवस्था की जा सकती है। **(1)**

**125. निम्न में से अध्यापक-अभिभावक मीटिंग के बारे में उपयुक्त कथन है-**
(1) प्रगति पत्र इन मीटिंग में दिया जाता है, जिसे डाक द्वारा भी भेजा सकता है।
(2) यह केवल समय की बर्बादी है।
(3) यह केवल औपचारिकता मात्र है।
(4) अध्यापक और अभिभावक बालकों की उपलब्धियों एवं कमियों की चर्चा करते हैं। **(4)**

**126. निम्नलिखित में से कौनसा अच्छा प्रश्न नहीं है?**
(1) क्या ब्लैकबोर्ड आयाताकार है
(2) क्या आप ब्लैकबोर्ड पर आयत बना सकते हैं
(3) ब्लैक बोर्ड के आकार के विषय में आप क्या कह सकते हैं
(4) ब्लैक बोर्ड का क्या आकार है **(2)**

**127. अपने विद्यालय में एक श्रेष्ठ अध्यापक की प्राथमिकता रहती है-**
(1) अपने सहयोगी शिक्षकों के प्रति
(2) प्रबन्ध समिति के सचिव के प्रति
(3) प्रधानाचार्य के प्रति
(4) छात्रों के प्रति **(4)**

**128. बालक के सामाजिक विकास में सर्वाधिक बाधक तत्त्व है-**
(1) परिवार
(2) पालन पोषण की विधि
(3) विद्यालय का एकतंत्रीय वातावरण
(4) मानसिक विकास **(3)**

**129. सह शिक्षा का प्रमुख लाभ है-**
(1) बालिकाओं की हीन भावनाओं पर अंकुश लग जाता है।
(2) एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है।
(3) बालिका विद्यालय खोलने की आवश्यकता नहीं होती है।
(4) शिक्षा पर व्यय कम होता है। **(2)**

**130. कुसमायोजित बालक-**
(1) पूर्ण स्वस्थ होता है। (2) पढ़ने में तीव्र होता है।
(3) तनावयुक्त होता है। (4) प्रसन्नचित होता है। **(3)**

**131. एक नव-नियुक्त शिक्षक को कक्षा में अपेक्षित सफलता प्राप्त करने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?**
(1) कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही
(2) विद्यार्थियों से पूर्व पश्चिम तथा प्रत्याशाओं का आदान-प्रदान
(3) अपने ज्ञान का रौब गाँठना
(4) अन्य शिक्षकों के विषय में जानकारी प्राप्त करना **(2)**

**132. प्रारम्भिक शिक्षा व्यवस्था में बच्चे विद्यालयों से विरत हो जाते हैं। क्योंकि-**
(1) शिक्षकों की संख्या अधिक होती है।
(2) विद्यालय में शिक्षक प्रेरित नहीं कर पाते।
(3) उनकी आर्थिक परिस्थिति एवं अन्य दशाएँ अनुकुल नहीं होती।
(4) शिक्षक उनकी हाजिरी लेने में कठोरता नहीं बरतते **(3)**

**133. निम्नलिखित में से कौनसा व्यवहार भावनात्मक बाधा को प्रदर्शित नहीं करता है?**
(1) बाल अपराध (2) कमजोर को डराने वाला
(3) भगोड़ापन (4) स्वालीनता **(4)**

**134. उच्च कक्षाओं में सीखने की जिस विधि का प्रयोग कम किया जाता है, वह है-**
(1) पूर्ण विधि (2) सामूहिक विधि
(3) सहसम्बन्ध विधि (4) खेल विधि **(4)**

**135. सीखने के आँकलन का आधार है-**
(1) पुनःस्मरण (2) व्यावहारिक परिवर्तन
(3) रट लेना (4) उपरोक्त में से कोई नहीं **(2)**

**136. तुम्हारा एक विद्यार्थी गन्दे वस्त्र पहनकर आता है, तुम क्या करोगें?**
(1) उस छात्र को बुलाकर गन्दे वस्त्र धारण करने से होने वाली हानियों से अवगत करायेगें।
(2) उसे सभी के सामने लज्जित करेंगें।
(3) उस छात्र को साबुन खरीदने के पैसे देंगे
(4) उसे कक्षा से बाहर कर देंगे। **(1)**

**137. किशोर के समायोजन की प्रक्रिया में शिक्षक का योगदान है-**
(1) समस्या का समाधान न करना
(2) आकांक्षा का उचित स्तर तय करना
(3) मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति न करना
(4) कमजोरियों की ओर ध्यान नहीं देना। **(2)**

138. निम्नलिखित में से कौनसा मूल्य बुनियादी शिक्षा द्वारा विकसित किया जाता है?
(1) प्रतिस्पर्द्धा (2) सम्पन्नता
(3) श्रम के प्रति सम्मान (4) राष्ट्रवाद **(3)**

139. वैकल्पिक स्कूलन मुख्यत: किनकी आवश्यकता पूरी कर सकता है?
(1) आवारा बालकों की (2) प्रवासी बालकों की
(3) स्कूल के बाहर के बालकों की (4) स्कूली बच्चों की **(3)**

140. नकल की बढ़ती प्रवृति का प्रमुख कारण है-
(1) वर्तमान शिक्षा पद्धति (2) शिक्षकों की उदासीनता
(3) छात्रों की प्रतिस्पर्धा (4) अनुशासनहीनता **(1)**

141. आपकी कक्षा में कई कमजोर विद्यार्थी हैं। आप इनके शैक्षिक स्तर को सुधारने हेतु क्या उपाय करेंगे-
(1) प्रधानाचार्य को सूचना देंगे (2) अतिरिक्त समय में कक्षाएँ लेंगे
(3) दंड देंगे (4) अभिभावकों को कहेंगे **(2)**

142. किसी बालक के परीक्षा में अच्छे अंक नहीं मिलने पर वह किसे दोष देगा-
(1) माता-पिता को (2) भाग्य को
(3) प्रश्न-पत्र की कठिनाई को (4) अपनी तैयारी को **(4)**

143. बुनियादी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी को-
(1) स्वावलम्बी बनाना है।
(2) शिक्षा के बुनियादी तत्वों का ज्ञान देना है।
(3) तत्व-ज्ञानी बनाना है।
(4) उपरोक्त सभी **(1)**

144. अध्यापक की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह-
(1) छात्रों को कितना संतोष देता है।
(2) छात्रों का कितना मनोरंजन करता है।
(3) छात्रों का कितना अनुशासित रखता है।
(4) छात्रों को मानसिक रूप से कितना सक्रिय करता है। **(4)**

145. सरकारी स्कूलों की शिक्षा के स्तर को पब्लिक विद्यालयों के समक्ष लाने का तरीका यह है कि-
(1) सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के वेतन को घटा दिया जाये।
(2) सरकारी स्कूलों में निगरानी के स्तन को बढ़ा दिया जाये।
(3) सरकारी स्कूलों में सतत् मूल्यांकन प्रणाली ईमानदारी से लागू की जाये।
(4) 2 एवं 3 दोनों **(4)**

146. "वैज्ञानिक मानवतावाद एक मिथ्या नहीं, वास्तविकता है। उसमें विद्यमान सम्भावनाएँ हैं, जो वृद्धि, परिवर्तन तथा विकासशील है।" किसका कथन है?
(1) स्पेन्सर (2) साविरा के. जैदी
(3) आर.बी. पैरी (4) थामसन **(2)**

147. नवनियुक्त शिक्षक के रूप में आपका प्रमुख दायित्व होगा-
(1) अपने पूर्वगामी शिक्षकों के पद-चिह्नों का अनुसरण करना।
(2) अपने काम-से-काम रखना, शेष की चिन्ता न करना।
(3) अन्य शिक्षक साथियों के शिक्षण दर्शन में सुधार करना।
(4) अपने शिक्षक साथियों को सहयोग प्रदान करना चाहे मतों में पर्याप्त अन्तर ही क्यों न हो। **(4)**

148. विद्यार्थियों की किसी समस्या के भावी परिणामों को विश्लेषण करने के लिए उत्साहित करके, उन पर सृजनशीलता से संबंधित प्रभाव होता है?
(1) उसकी कल्पना शक्ति विकसित होती है
(2) उसके निर्णय करने की क्षमता विकसित होती है
(3) अपने जीवन में आगे कोई उन्नति करने के लिए
(4) अपने स्वयं में सृजनशीलता से संबंधित अपने विचार व्यक्त करने में उनके लिए सहायक होंगे। **(4)**

149. छात्रों में अच्छे संस्कार डालना आवश्यक होता है। इस सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही है?
(1) संस्कार प्रकृति पर अंकुश लगाते है
(2) यह काम अकेला शिक्षक करता है
(3) संस्कार परिवेश के अनुकूल होते है
(4) यह काम गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के द्वारा होता है **(3)**

150. शिक्षा परम धन है क्योंकि-
(1) इसे कोई छीन नहीं सकता।
(2) इसे जितना बाँटा जाये वह उतना ही बढ़ता है।
(3) इसे कोई चुरा नहीं सकता
(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

## भाग-द (Language Proficiency – English)

151. **Fill up the blank in the following sentence with most appropriate conjunction-**
***ABC is an equilateral triangle ......... its sides are equal.***
(1) and (2) hence
(3) but (4) while **(2)**

**Direction : Read the passage and answer the following questions :**

When Jonathan (the seagull) came, it was well after dark, and he floated in moonlight on the surface of the ocean. His wings were ragged bars of lead, but the weight of failure was even heavier on his back.
He wished, feebly, that the weight would be just enough to drag him gently down to the bottom, and end it all. But soon he came back to normal. He pushed wearily away from the dark water and flew towards the land, grateful for what he had learned about work-saving low-altitude flying.

152. **The word 'wearily' means**
(1) tireless (2) exhausted
(3) sadly (4) unconscious **(2)**

153. **The seagull suffered because**
(1) he had tried to do something that other seagulls had not done.
(2) probably he had been attacked by a stronger bird.
(3) probably he had been attacked by some strong creature in the sea.
(4) he had swooned and fallen into the water. **(4)**

154. **'His wings,were ragged bars of lead' means that**
(1) his wings damaged and supported by bars of lead
(2) his wings were damaged and therefore very heavy
(3) he had rags and bars of lead on his wings
(4) his wings were broken like pieces of lead **(2)**

155. **The lesson that he had learnt that day was about**
(1) not fighting with stronger birds
(2) flying carrying bars of lead on his wings

(3) diving too deep into the sea
(4) flying at low altitudes (4)

**Direction : Select the correct option to replace the underlined part.**

**156. Give one word substitute for – 'Free from disturbance'.**
(1) Tranquil (2) Agitated
(3) Chaotic (4) Violent (1)

**Directions : Choose a prefix or suffix from the given options to change the form of the word as directed.**

**157. Power (verb)**
(1) em__ (2) dis _
(3) un_ (4) de _ (1)

**Other words of Prefix 'em' :** Embolden, Embody etc.

**158. Choose the appropriate option–**
***Any poem could be an example of _____.***
(1) allegery (2) elegies
(3) allegory (4) allegro (3)

**159. Choose the most appropriate one-word substitute for 'a person who has rejected his religious or political beliefs'–**
(1) Apostle (2) Apostate
(3) Atheist (4) Apathetic (2)

**Direction : Choose the correct option to replace the underlined part :**

**160. The man disappeared after he <u>was rescuing</u> a boy from drowning.**
(1) was rescued (2) has been rescued
(3) had rescued (4) No improvement (3)

**161. Change the voice-I know your father.**
(1) I am known to your father
(2) Your father is known to me
(3) I am known by your father
(4) Your father is known by me (2)

**162. "Ouch! The thorn has pierced my heel and it's bleeding," she said. Choose the correct form of this sentence in reported speech.**
(1) She exclaimed that the thorn had pierced her heel and it was bleeding.
(2) She shouted that her heel was bleeding and the thorn had pierced it.
(3) She anguished that her heel was bleeding after the thorn pierced it.
(4) She cried out saying the thorn had pierced her heel and it was bleeding. (1)

**163. Choose the correct set of articles to fill in the blanks : (Use 'X', if there is no article)**
He said, "As ....... matter of ........ fact, there was .......explosion in ........ last house I visited and Mr. Beans, ....... owner of ........ house, was burnt in ...... face.
**Options:**
(1) the; a; an; X; the; the; the
(2) the; the; X; the; a; a; the
(3) the; the; an; a; the; X; a
(4) a; X; an; the; the; the; the (4)

**164. Fill in the blanks with appropriate prepositions-**
**A very agile person observed his reflection .............. a glass and obtained a fairly accurate conception ......... his appearance.**
(1) in; of (2) on; of
(3) at; about (4) on; off (1)

**Directions - Choose the best word which best expresses the meaning of the underlined word in each sentence.**

**165. He read out the passage in a dull and unimaginative way.**
(1) emotionally (2) indifferently
(3) characteristically (4) prosaically (4)

**166. Choose the correct synonym : Fortitude**
(1) Composure (2) Confidence
(3) Courage (4) Produce (3)

**Directions :** Each item in this section consists of a sentence with an underlined word or words followed by four words or groups of words. Select the word or group of words that is most nearly opposite in meaning to the underlined word.

**167. The culprit was sentenced by the Court.**
(1) acquitted (2) punished
(3) relieved (4) pardoned (1)

**168. Thrifty as he is, he can well afford to live within his means.**
(1) careless (2) instinctive
(3) sentimental (4) extravagant (4)

**Directions -** A word has been written in four different ways out of which only one is correctly spelt. Choose the correctly spelt word.

**169.** (1) Indigenius (2) Indigenous
(3) Indeginus (4) Indegenus (2)

**170. Choose the correct expression:**
(1) You faithfully (2) your's faithfully
(3) Yours faithfully (4) Your Faithfully (3)

## भाग-द ( भाषा योग्यता - हिन्दी )

**171. किस क्रमांक में 'कुंतल-कुंडल' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?**
(1) सेना-कुंडली (2) कुंभ-हाथी
(3) केश-कर्णाभूषण (4) हाथी-साँप (3)

**172. किस क्रम में 'मंदिरा-मदिरा' शब्द युग्म का सही अर्थ भेद है?**
(1) अश्व शाला- शराब (2) छोटा मंदिर-सुरा
(3) कर्णाभूषण - नशा (4) देवी मंदिर - मद्य (1)

**173. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**
(1) अभिषेक (2) अभिसेक
(3) अभिषेक (4) अभीषेक (1)

**174. किस क्रम में सही उपसर्ग नहीं लगा है?**
(1) अभीष्ट (2) उच्छ्वास
(3) अरोहण (4) परीक्षा (3)

**175. 'पंडितजी ने भक्तों के लिए कथाएँ सुनाई', का शुद्ध रूप होगा-**
(1) पंडितजी ने कथा सुनाई
(2) पंडितजी ने भक्तों को कथाएँ सुनाईं
(3) पंडितजी ने कथाएँ सुनाई
(4) भक्तों को पंडितजी ने कथाएँ सुनाईं (2)

176. निम्नलिखित प्रश्न का निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-
नीता के द्वारा गीत गाया गया। वाक्य का कर्तृवाच्य रूप निम्नलिखित में कौन सा है?
(1) नीता ने गीत गाया (2) नीता गाया गीत
(3) गाया नीता ने गीत (4) गीत गाया गया नीता द्वारा (1)

177. इनमें से किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' है?
(1) चिट्ठी भेजी गई। (2) लड़का पुस्तक पढ़ता है
(3) श्याम चिट्ठी लिखेगा। (4) लड़का दौड़ रहा था। (1)

178. चोरी-छुपे माल लाने-ले जाने वाले को कहते हैं?
(1) चोर (2) डाकू
(3) तस्कर (4) दुष्ट (3)

179. 'अपने मार्ग से भटका हुआ' वाक्य के लिए एक शब्द है-
(1) भटकाव (2) पथभ्रष्ट
(3) पदच्युत (4) पदस्थापन (2)

180. जिसका कोई आदि न हो -
(1) अनादि (2) अंत्य
(3) अनारि (4) अधीन (1)

181. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(1) साँप (2) चिह्न
(3) बीणा (4) विस्मय (4)

182. निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है?
(1) सात (2) साखी
(3) सर्प (4) सुनार (3)

183. विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा है-
(1) ममता (2) बचपन
(3) प्राथमिकता (4) लड़कपन (3)

184. भाववाचक संज्ञा के अंतर्गत आता है-
(1) मिठाई (2) चटाई
(3) बड़ाई (4) चारपाई (3)

185. सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है-
(1) बड़प्पन (2) परायापन
(3) अपनापन (4) छुटपन (3)

186. 'पेड़ से कई आम गिरे' वाक्य में कौनसा कारक है-
(1) संबोधन (2) संबंध
(3) अपादान (4) कर्त्ता (3)

187. 'सैनिक' शब्द में कौनसा प्रत्यय है?
(1) क (2) इक
(3) ईक (4) निक (2)

188. कौन-सा सरल वाक्य है?
(1) उसने आज सुबह दूध पिया
(2) गिलास नीचे गिरा और टूट गया
(3) मैंने समझाया और वह बात मान गया
(4) वह ऐसे चल रही थी जैसे कोई बीमार चलता हो (1)

189. 'सरल' या 'साधारण' वाक्य किसे कहते हैं?
(1) जिसमें एक उद्देश्य, एक विधेय और एक ही क्रिया हो।
(2) जिसका अर्थ सरलता से समझ में आ जाए।
(3) जिसमें एक कर्त्ता और अनेक क्रियाएँ हों।
(4) जो छोटा हो। (1)

190. 'गंगा नहाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(1) पवित्र होना (2) सदाचार का पालन करना
(3) कार्य को अधूरा छोड़ना (4) कठिन कार्य पूरा होना (4)

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें

राजस्थान की हर प्रतियोगी परीक्षा हेतु उपयोगी

❖ राजस्थान सामान्य ज्ञान के नोट्स डाउनलोड करने के लिए नीचे दिए गए इमेज पर क्लिक करें --

❖ राजस्थान की विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण नोट्स Free डाउनलोड :-

❖ राजस्थान कला एवं संस्कृति, भूगोल, इतिहास सभी के नोट्स Free डाउनलोड करने का एकमात्र Google वेबसाइट :- *Rajasthanclasses.in*







अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए

गूगल सर्च करें या क्लिक करें 👇

Google

rajasthanclasses.in

Telegram

चैनल

ज्वॉइन करें

YouTube पर

ऑनलाइन क्लासेज भी देखें


पशु परिचर 2024
सिलेबस/PDF
Just Click Now

CET : BSTC : PTET : LDC
पशु परिचर 2024
(शॉर्ट नोट्स PDF)
नवीनतम राजस्थान GK
(जलवायु प्रदेश नोट्स)
(कौनसा जिला किस प्रदेश में - नवीनतम)
(कोपेन, थार्नवेट, ट्रिवार्थी के वर्गीकरण)
PDF

नया राजस्थान GK
पशु परिचर 2024
Just Touch Now


CET : BSTC : PTET : LDC
पशु परिचर 2024
नवीनतम राजस्थान GK
(पुरातात्विक स्थल नोट्स)
(नवीनतम GK नोट्स PDF)

राजस्थान क्लासेज
लेटेस्ट पोस्ट/न्यूज
Just Click Now

पशु परिचर परीक्षा 2024
15+ मॉडल पेपर
राजस्थान क्लासेज
Free Download
PDF
Adobe

पशु परिचर परीक्षा 2024
राजस्थान क्लासेज
BSTC : PTET : CET : LDC
नया राजस्थान GK
(प्रमुख झीलें नोट्स)
(शानदार नोट्स)
Free Download
PDF
Adobe

पशु परिचर
भाग - (ब)
(Animal Attendant)
पशुपालन हस्तलिखित नोट्स
मात्र 21/- रू.
पशु परिचर बनाने वाले नोट्स
आदर्श कुमावत सर

100%
तैयारी सलेक्शन की
पशु परिचर भर्ती
पशुपालन
सामान्य जानकारी
444 प्रश्न ई बुक

BSTC Exam Paper
(All Paper's)
2024 परीक्षा हेतु उपयोगी